# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

### (तिथि 20 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों से नवाचारी बनने का आह्वान किया है। रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवाचार से ही रोजगार का रास्ता प्रशस्त होगा। राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने 50 वर्ष की गौरवशाली यात्रा तय करने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से विश्वविद्यालय की स्वर्णिम विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वर्ण जयंती समारोह विश्वविद्यालय की यात्रा का एक पड़ाव है। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने नई शिक्षा नीति लागू की बात करते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान मातृभाषा हिन्दी में भी डिग्री दें, जिसका फायदा गरीब और ग्रामीण को होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की। राज्यपाल ने समारोह में शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को अनुसंधान पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने विशिष्ट सेवाओं हेतु शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मियों, अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों तथा समाज सेवा समेत अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, एन.एस.एस तथा वाई.आर.सी स्वयं सेवकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने एक कैफेटेरिया का उद्घाटन भी किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान सोविनियर तथा एमडीयू मिरर नामक त्रैमासिक न्यूज लेटर भी जारी किया। उन्होंने एम डी यू गोल्डन जुबली लोगो व विश्वविद्यालय की एलुमनाई वेबसाइट भी जारी की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा को रेखांकित करती प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के 40 विभागों और 21 प्रकोष्ठों ने अपनी-अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

*************************************************************

अंबाला की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कैथल के पूर्व पार्षद कमल मित्तल को कैथल उपायुक्त के नाम से चार लाख रूपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को कल कैथल के गुरु तेग बहादुर चौक से गिरफ्तार किया गया। उसके ख़िलाफ़ अंबाला में भ्रष्टाचार संबंधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अंबाला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दी गई शिकायत में एक शोरूम मालिक ने आरोप लगाया था कि कैथल में पुराने बस अड्डे के नज़दीक उन्होंने गत वर्ष नगर परिषद से नक्शा पास करवाकर एक शोरूम बनाया था लेकिन पूर्व पार्षद कमल मित्तल का कहना था कि शोरूम नक्शे के मुताबिक नहीं बनाया गया है, इसको लेकर सी.एम विंडो और नगर परिषद में शिकायत मिली है जिसे वो 5 लाख, 20 हज़ार रुपए की रिश्वत के बदले उपायुक्त व अन्य अधिकारियों से कह कर निपटा देंगे। शोरूम मालिक ने बताया कि 5 लाख, 20 हज़ार रुपए लेने के बाद भी 17 मार्च को नगर परिषद द्वारा शोरूम सील कर दिया गया और 8 अप्रैल को सील को हटा दिया गया। इसके बाद पूर्व पार्षद द्वारा शोरूम गिराने का डरावा देकर उपायुक्त के नाम से 4 लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया है कि आरोपी के घर की तलाशी के दौरान उसके बेड व कमरे की अलमारी से 43 लाख, 20 हज़ार रुपए की राशि बरामद हुई है।

*************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय और भारत के मुख्य न्यायाधीश के संबंध में, पार्टी सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हैं। पार्टी ने दोनों सांसदों को ऐसी टिप्पणी से बचने की सलाह भी दी है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये निजी बयान हैं और इन बयानों से पार्टी का कोई संबंध नहीं है। श्री नड्डा ने कहा कि पार्टी ने सदैव न्यायपालिका का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि देश की

अदालतें लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं और संविधान की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ हैं।

************************************************************

हरियाणा को नशों के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से चलाई जा रही साइक्लोथॉन आज पंचकुला जिले में मोंगीनन्द पुलिस लाइन से अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना हुई। कल मोंगीनन्द पुलिस लाइन पहुँचने से पहले यह साइकिल यात्रा दामला पॉलिटेक्निक कॉलेज से चल के, यमुनानगर, पिंजौटा, जगाधरी शहर, छछरौली, बिलासपुर,सढ़ौरा, नारायणगढ़ होते हुए शाम को रायपुर रानी पहुंची थी। सभी जगह मंत्रियों, पूर्व विधायकों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों व उपस्थित गणमान्यों ने साइकिल चलाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। लोगों द्वारा सांकेतिक रूप से लोटे में एक चुटकी नमक डालकर नशा न करने और न ही किसी को करने देने की शपथ भी ली गई ।

************************************************************

आज ईस्टर का पर्व धार्मिक उत्साह के साथ  मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु,उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि ईस्टर आशा और नएपन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की कि यह पवित्र अवसर हर व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की भावना को प्रेरित करे।

************************************************************